वर्ष : 26 अंक : 32 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 22 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



# जय श्रीराम

**भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौसल्या हितकारी।**
**हरषित महतारी मुनि मनहारी अद्भुत रूप बिचारी॥**

# रामलला की अभिजीत मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा







**अयोध्या ( एजेंसी )।** दुनिया भर के करोड़ों रामभक्तों का सपना आज पूरा हो गया। अयोध्या में रामलला की अभिजीत मुर्हूत में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गई है। आज 500 वर्षों से अधिक का इंतजार खत्म हो गया है। रामलला राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला की आरती की गई। जैसे ही भव्य श्रीराम मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के ऊपर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई।

500 वर्षों की तपस्या आज पूरी हो गयी है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम आज भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत व उप्र की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल समेत संत समाज और अति विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में रामलला के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अनुष्ठान आज संपन्न हुआ। अयोध्या नगरी को हजारों क्विंटल फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चौदह जोड़े यजमान थे। एक दिन बाद यानी कल (23 जनवरी) से मंदिर को आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। आज अयोध्या में भव्य, दिव्य व अलौकिक क्षण देखने को मिला जब गृर्भ ग्रह में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में संत-समाज, फिल्म जगत की हस्तियां, उद्यमी, खिलाड़ी व अति विशिष्ठ लोग पहुंचे। (शेष पृष्ठ-7 पर)



## साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती हुई भावुक

जब जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा होता है तो उसकी खुशी को बयां करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शुमार रहीं साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती भी भव्य राम मंदिर को अपनी आंखों के सामने देख अपने आंसू नहीं रोक पाई और दोनों नेता गले लगकर खूब रोईं।

## गूगल से कस्टमर केयर नंबर लेकर फंसा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** तमाम तरह की जानकारियों के लिए आजकल अधिकतर लोग गूगल का प्रयोग धड़ाधड़ से कर रहे हैं। वहीं गूगल के जरिए साइबर ठग भी लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ईमेल अकाउंट बंद होने पर उसे रिकवर करने के लिए गूगल से नंबर लेना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। उक्त नंबर पर बात करने के बाद युवक के खाते से 50000 रूपये निकल गए। सेक्टर-134 जेपी कॉसमॉस सोसायटी निवासी चितरंजन कुमार ने बताया कि उसका ईमेल अकाउंट बंद हो गया था। काफी प्रयासों के बाद भी उसका ईमेल अकाउंट रिकवर नहीं हो पाया इसके बाद उसने ऑनलाइन गूगल कस्टमर केयर का नंबर लिया। कस्टमर केयर से उसे दो नंबर मिले। इन नंबरों पर बात करने पर उसे बताया गया कि उसका नेट बैंकिंग से जुड़ा हुआ नहीं है इसलिए अकाउंट बंद हो गया है। (शेष पृष्ठ-7 पर)

# कार में लगी आग एक व्यक्ति जिंदा जला



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में सोमवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में एक कार सवार व्यक्ति की जिंदा जलने से मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची नोएडा के थाना फेस 3 की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना फेस 3 क्षेत्रांतर्गत सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन के पास से एक टोयोटा कोरोला ऑल्टिस गुजर रही थी। (शेष पृष्ठ-7 पर)

## ससुरालियों ने दहेज के लालच में दो विवाहिताओं को घर से निकाला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दहेज में 10 लाख रुपए की नगदी और बुलेट मोटरसाइकिल न मिलने पर दहेज लोभी ससुरालियों ने दो विवाहिताओं को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िताओं का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उनका गला दबाकर हत्या करने का भी प्रयास किया। पीड़िताओं की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दादरी कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में पूनम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी शादी आमका गांव निवासी देवेंद्र कुमार के साथ 20 दिसंबर 2023 को हुई थी। शादी के फेरों के पश्चात ही उसके पति देवेंद्र, ससुर गणपत, देवर विवेक, नंद अंजना व रजनी ने दहेज में 10 लाख रुपए की मांग की। उसके पिता ने 10 लाख रुपए देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद जब वह मायके से (शेष पृष्ठ-7 पर)


## दो बेटियां होने पर देते थे ताना महिला ने लगा ली थी फांसी

### ससुरालियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 के स्टाफ क्वार्टर में महिला द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में परिजनों ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने बीते दिनों अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

ग्राम शीशवाडा जनपद डींग राजस्थान निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसकी बहन रचना की शादी करीब 11 वर्ष पहले मथुरा निवासी देवेंद्र के साथ हुई थी रचना और देवेंद्र सेक्टर-63 स्थित पेसिफिक कंपनी में काम करते थे। शादी के बाद दोनों नोएडा में रह रहे थे। देवेंद्र की भाभी पुलिस में कांस्टेबल है और दोनों कुछ दिनों से उसके थाना सेक्टर-39 स्थित स्टाफ क्वार्टर में रह रहे थे। बीते 19 जनवरी को रचना ने उसे बताया कि उसके पति व ससुराल वाले उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं। दो बेटियां होने के कारण उसे बेटे ना होने का ताना दिया जाता है।

सुनील कुमार ने बताया कि उसके बहनोई के सौम्या नाम की युवती से भी संबंध थे। देवेंद्र और सौम्या अलग फ्लैट में रह रहे थे। इस बात का उसकी बहन रचना विरोध करती थी। देवेंद्र के परिजनों ने भी रचना को प्रताड़ित कर साफ कहा कि उसके लड़का नहीं हुआ है इसलिए वह उसे अपने साथ नहीं रखेंगे और देवेंद्र की शादी सौम्या से करवाएंगे। पति व ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी बहन ने बीते दिनों आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में देवेंद्र सौम्या बृजमोहन बृजलाता वह हरेंद्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।







# श्रीरामोत्सव

"राम मंदिर के निर्माण की यह प्रक्रिया राष्ट्र को जोड़ने का उपक्रम है।"

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में

प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह



गरिमामयी उपस्थिति

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**डॉ. मोहनराव भागवत**
सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**महंत नृत्यगोपाल दास**
अध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 22 जनवरी, 2024 | समय : अपराह्न 12:20 बजे | स्थान : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रीअयोध्या धाम

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश


!! जय श्री राम !!
BJYM NAMO NAVMATDATA
My First Vote For Modi
To Get The Registration Link Give A Missed Call At
78200 78200
भारतीय जनता युवा मोर्चा गौतम बुद्ध नगर
निवेदक : सत्या भाटी (संदीप)
अयोध्या में नवनिर्मित
राम मंदिर में
श्री विग्रह की
प्राण प्रतिष्ठा
के पावन अवसर पर
आप सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक
शुभकामनाएं
सत्या भाटी (संदीप)
SandipBhatiBjp

# यूपी दिवस के आयोजन को लेकर रणनीति तय, सीईओ व डीएम ने की समीक्षा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस यानि यूपी दिवस के अवसर पर नोएडा में एक खास आयोजन होने वाला है। आगामी 24 से लेकर 26 जनवरी तक नोएडा के शिल्प हॉट में होने वाला यह आयोजन बेहद ही खास होने वाला है। तीन दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर अन्य आयोजन की झलक भी नोएडावासियों को देखने को मिलेगी।



यूपी दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर रविवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्ष डॉ. लोकेश एम ने की। नोएडा शिल्प हॉट परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि इस भव्य आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद के समस्त विभाग अपने साथ जन सहयोगिता निश्चित करें। निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां, उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रम करना सुनिश्चित करें। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, डिजिटल उत्तर प्रदेश साइबर सुरक्षा व उन्नत प्राकृतिक कृषि विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन साथ ही विभिन्न लाभार्थी परक योजना संबंधी विभाग अपनी अपनी योजनाओं के सफल लाभार्थियों तथा विशिष्ट प्रतिभाओं की सक्सेज कहानी को भी फोटो, फिल्म, ब्रोशर के माध्यम से प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे।

डीएम ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग, नगरीय विकास विभाग, ग्राम विकास विभाग, विभिन्न वित्त विकास निगम अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने उद्यमियों व्यवसायी व स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनियों का आयोजन करेंगे। कृषि विभाग से नवीन कृषि तकनीक पर आधारित प्रदर्शनी के अतिरिक्त मिलेट्स मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न विभागों द्वारा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय कुमार खत्री, सतीश पाल, सीडीओ जनार्दन सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन अग्रवाल, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनीषा अत्री, जिला उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. यशपाल, जिला पंचायतराज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी महिपाल सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेक्टर-11 में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-11 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लाइंस क्लब दिल्ली नोएडा के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया।

इस मौके पर लाइंस क्लब दिल्ली नोएडा के द्वारा बुलाए गए विभिन्न डॉक्टर ने लोगों की जांच की तथा उन्हें सलाह एवं दवाइयां वितरित की।

इस शिविर में नोएडा डायबिटिक फोरम का विशेष सहयोग रहा इस अवसर पर सेक्टर 11 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल महामंत्री हीरालाल गुप्ता कोषाध्यक्ष एससी अग्रवाल उपाध्यक्ष राम रूप गोयल विपुल शर्मा सतीश कुमार सहायक कोषाध्यक्ष अनुज गुप्ता समेत सभी पदाधिकारी तथा सैकड़ो सेक्टर वासी मौजूद थे

# तहसील दिवस पर 10 शिकायतों का निपटारा




**नोएडा ( चेतना मंच )।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 112 शिकायतें दर्ज हुई और 10 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा तहसील जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 41 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 06 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं।

जिलाधिकारी के द्वारा इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित बालिका आर्शीवाद योजना के तहत 3 लाभार्थियों को 25 हजार रूपये के सावधि जमा पत्र भी वितरित किये गये।

# वेबसाइट बनाकर चला रहे थे ऑनलाइन सट्टे का धंधा, 6 गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में वेबसाइट बनाकर आनलाइन जुए और सट्टे का कारोबार संचालित करने वाले एक गिरोह का ग्रेटर नोएडा की थाना बादलपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस आनलाइन जुआ और सट्टा खिलाने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

जानकारी के अनुसार, रविवार को ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम खेडा धर्मपुरा में प्रिन्स शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा निवासी ग्राम खेडा धर्मपुरा के घर से आनलाईन जुआ और सट्टा लगाने व खिलाने वाले गिरोह के रविन्द्र कुमार सिंह, पंकज कुमार, राजन सिंह, रोहित शर्मा, अभिषेक कुमार तथा सचिन कुमार को गिरफ्तार किया है। मौके से अभियुक्त प्रिन्स शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा निवासी ग्राम खेडा धर्मपुरा थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर फरार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 4 लेपटॉप, 21 मोबाइल, 5 पासबुक, 31 चैकबुक, 49 एटीएम कार्ड, 7 फर्जी आधार कार्ड, 2 डायरी व 4 रजिस्टर आदि बरामद हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी शातिर किस्म के सट्टेबाज है, जो गिरोह बनाकर स्न्ड्डद्बह्लश्चद्यड्ड424.द्बठ्ठ बेबसाईट के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक उपकरणो का उपयोग कर आनलाईन सट्टा खेलने व खिलाने का काम करते हैं। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह स्न्ड्डद्बह्लश्चद्यड्ड424.द्बठ्ठ नामक सट्टा वेबसाईट पर आनलाईन सट्टा खिलवाते है, इस वेबसाईट को भिलाई छत्तीसगढ़ निवासी सुभाष चन्द्रा आपरेट करता है। सुभाष चंद्रा आरोपियों को यूजर आईडी पासवर्ड दिए गए थे।

इस वेबसाईट में क्रिकेट, फुटबाल, टेनिस आदि खेलों पर सट्टा लगाया जाता है तथा इसी सट्टे की साईट पर कसीनो भी खिलाया जाता है। कस्टमर हमारी साईट पर साईनअप करके लोगिन आईडी पासवार्ड बनाते हैं तथा सट्टा लगाने के लिए कम से कम 300 रूपये इस वेबसाईट में जमा करने पडते हैं जिसका लिंक हमारे बैंक खातो से रहता है तभी आनलाईन सट्टा लगाया जाता है। कुछ कस्टमर बडी रकम भी लगाते है जब वे हार जाते है तो ये पैसा आरोपियों का हो जाता है। इस पैसे को बैंक खाते से निकाल कर आपस में बांट लिया जाता है।

# गंगा समग्र के माघ मेला शिविर का शुभारंभ



**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** गंगा समग्र के माघ मेले के शिविर का विधिवत हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने कहा कि भगवान राम भारत वर्ष के प्रतीक हैं, हम उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहते हैं क्योंकि यदि आदर्श पिता,भाई, मित्र, पति, पुत्र इन सब का यदि कोई एक उदाहरण है तो वह भगवान श्री राम है। प्रांत संगठन मंत्री अम्बरीष ने शिविर में माह पर्यन्त चलने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि शिविर में प्रत्येक दिन हवन पूजन व एक सप्ताह का रूद्राभिषेक के अतिरिक्त शिविर में 11 फरवरी को गंगा रक्षा संकल्प दिवस मनाया जायेगा। अम्बरीष ने बताया कि गंगा समग्र का प्रांतीय सम्मेलन 17 व 18 फरवरी को आयोजित किया जायेगा तथा शिविर अपनी पूर्णता को 25 फरवरी को प्राप्त होगा। कार्यक्रम में गंगा समग्र प्रयाग उत्तर के जिला संयोजक आलोक शर्मा ने भी उदबोधन दिया। आये हुये सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों को गंगा समग्र यमुना भाग के संयोजक अजय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने किया लंगड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में राहगीरों को अपनी जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठाकर मारपीट करने और लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को कोतवाली बीटा-2 थाना पुलिस ने लंगड़ा करके अस्पताल में भर्ती करा दिया है। मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



रविवार की रात पुलिस से हुई मुठभेड़ के बाद घायल हुए धर्मपाल और मोहित को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, तीसरे बदमाश अनुराग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह तीनों बदमाश बलेनो कार से सड़क पर घूमते रहते थे और राहगीरों को लिफ्ट देकर अपना शिकार बनाते थे। जो लिफ्ट नहीं लेता था उसे जबरदस्ती अपनी कार में बैठाते थे और मारपीट करके मोबाइल फोन, आधार कार्ड और डेबिट कार्ड छीन कर मोबाइल फोन से उसके खाते से पैसे अपने बैंक में ट्रांसफर कर लेते थे और फिर राहगीर को सड़क पर फेंक कर भाग जाते थे।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि बदमाशों ने 21 जनवरी को सुबह होंडा चौक पर खड़े युवक से मारपीट कर 42 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए थे और पीड़ित के दोस्तों को फोन कर पीड़ति को जान से मारने की धमकी देकर से 20 हजार और पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद और पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर सड़क पर फेंक कर भाग गए थे।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पीड़ति की शिकायत पर कोतवाली बीटा-2 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान एक सूचना पर पुलिस ने 130 मीटर रोड पर बदमाशों को घेर लिया। अपने आप को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। इसी दौरान गोली लगने से दो बदमाश घायल हुए और एक बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। इन बदमाशों के पास से तीन तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, बलेनो कर और लूटा हुआ डेबिट कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ है।

# स्वच्छता अभियान व जनसंपर्क रैली निकाली

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी चंदौली अनामिका चौधरी ने संगम तट, दशाश्वमेध मंदिर,वेणीमाधव मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, गणेश मंदिर प्रयागराज में अपने पदाधिकारियों संग वृहद स्वच्छता अभियान एवं जनसंपर्क रैली निकाली।



प्रधानमंत्री मोदी के आवाहन पर अनामिका चौधरी के नेतृत्व में एक जनसंपर्क रैली के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर अपने आसपास के मंदिरों में भजन कीर्तन करने के लिए जागरूक किया।

अभियान में टीम लीडर मृणाली मिश्रा, नीलम शुक्ला जिला सह संयोजक,जान्हवी निषाद मंडल संयोजक, शिवा त्रिपाठी पूर्व पार्षद सह संयोजक, शीतल शुक्ला, आस्था तिवारी, मुन्नी पांडेय, दामिनी पांडेय, मेज़र सुनील निषाद, राकेश मिश्रा, रोहित यादव, अरूण निषाद सेक्टर संयोजक, कैलाश दत्ता, राजेंद्र जायसवाल, अरूण निषाद दारागंज, आचार्य कौशल किशोर, पंकज राय, भीम सिंह, दुर्गेश नंदिनी, सविता सिंह, रामजी शर्मा, निखिल श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव अधिवक्ता, अजय द्विवेदी अधिवक्ता, आर पी दुबे पत्रकार,दीप द्विवेदी सह संयोजक स्वच्छता अभियान, अरविंद श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अन्नू निषाद, प्रधान पुजारी सर्वदा तिवारी आदि के साथ क्षेत्रीय लोगों ने भी सहयोग किया।



# श्रीराम: मनुष्य से देवत्व की यात्रा



**आप सभी को श्रीराम मंदिर के उद्घाटन की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं। वास्तव में श्रीराम ने अपने जीवन में मनुष्य से देवत्व तक की यात्रा को न केवल तय किया है, बल्कि चरित्र के सर्वश्रेष्ठ स्तर को हासिल करने का उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। उन्होंने हर स्थिति और व्यक्ति के साथ संबंध निभाकर जीवन का प्रबंधन समझाया है और समाज के अंतिम तबके को अपने साथ जोड़कर समाजवाद को भी परिभाषित किया है।**

चलिए चर्चा करते हैं त्रेतायुग में अयोध्या में जन्में श्रीराम के मनुष्य से देवत्व को हासिल करने की यात्रा पर। बालपन में ही अपने छोटे भाईयों के प्रति स्नेह हो या गुरू के आश्रम पहुंचकर शिक्षा ग्रहण करना, बात माता-पिता की आज्ञा पालन की हो या सखाओं से मित्रता निभाने की, उन्होंने हमेशा ही अपने कर्मों से मर्यादा को प्रस्तुत किया और देवत्व की ओर यात्रा पर बढ़ चले।

जब गुरूकुल से शिक्षा-दीक्षा पूरी कर श्रीराम अयोध्या वापस लौटे तो वहां ऋषि विश्वामित्र का आगमन हुआ। उन्होंने राजा दशरथ से कहा कि मुझे राम को अपने साथ ले जाना है इस पर राजा चिंतित हो गए और कहने लगे कि आप मेरी सेना ले जाईये, मुझे साथ ले चलिए, आप राम ही को क्यों ले जाना चाहते हैं। इस पर ऋषि विश्वामित्र ने कहा कि यौवन, धन, संपत्ति और प्रभुत्व में से एक भी चीज किसी को हासिल हो जाए तो उसमें अहंकार आ जाता है, आपके पुत्र के पास यह चारों हैं लेकिन फिर भी वह विनम्र है इसलिए इसे ले जा रहा हूं। ऋषि विश्वामित्र के साथ वन जाकर श्रीराम ने राक्षसी ताड़का का वध किया, वहीं शिला बन चुकीं अहिल्या देवी का उद्धार किया। जनकपुरी में वे सीता स्वयंवर में पहुंचे। यहां बड़े-बड़े राजा जिस शिव धनुष को हिला भी न सके थे उसे प्रत्यंचा चढ़ाते हुए श्रीराम ने तोड़ दिया। इससे क्रोधित भगवान परशुराम को श्रीराम ने स्वयं मीठी वाणी बोलकर शांत किया। इसके साथ ही उनका देवी सीता से विवाह हुआ।

आज छोटी-छोटी चीजों पर हम डिप्रेशन में आ जाते हैं, वहीं जरा कल्पना कीजिए जिस युवक का अगली सुबह राजतिलक होने वाला हो और उसे रात में कहा जाए कि उसे वनवास पर जाना है। इस निर्णय को श्रीराम ने कितने रचनात्मक ढंग से लिया और वनवास जाने के लिए सहज तैयार हो गए। उन्होंने जहां एक ओर अपने पिता के वचन की लाज रखी, वहीं मां कौशल्या से कहा कि पिताजी ने मुझे जंगल का राज्य सौंपा है, वहां ऋषियों के सानिध्य में मुझे बहुत सेवा करने का अवसर मिलेगा। इसी कारण वन जाने से पहले जो अयोध्या के राजकुमार थे, वन से लौटकर वह मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाए।

वनवास के दौरान श्रीराम ने खर, दूषण और सुबाहू जैसे कई राक्षसों का अंत किया। उन्होंने किसी राजा से बात नहीं की न ही किसी राज्य का आश्रय लिया। बल्कि उन्होंने वंचितों से बात की। आदिवासियों से मिले, केवट के माध्यम से गंगा पार की, शबरी के जूठे बेर खाए और समाज के अंतिम तबके से मिले। हर व्यक्ति को समाज की मूल धारा में जोड़ने के लिए श्रीराम ने समाजवाद की स्थापना की।

श्रीराम ने शौर्यवान, शक्तिशाली और पराक्रमी होने के बावजूद कभी धैर्य का साथ नहीं छोड़ा और सत्य पर अडिग रहे। इसलिए रावण वध को हम असत्य पर सत्य की जीत के रूप में याद रखते हैं। अयोध्या लौटने पर जब श्रीराम राजा बने तो उन्होंने सदा प्रजा के हित का विचार किया। इसके साथ ही रामराज्य की स्थापना हुई। जो आज भी इतिहास की सबसे श्रेष्ठ प्रशासनिक व्यवस्था के रूप में जाना जाता है।

अंत में बस इतना बताना चाहूंगा कि श्रीराम किसी धर्म या देश के नहीं बल्कि श्रीराम तो पूरी कायनात के हैं। श्रीराम तो वह हैं जो हर भक्त के चिंतन में हैं और सृष्टि के कण-कण में हैं। राम तो करूणा में हैं, शांति में राम हैं, राम ही हैं एकता में, प्रगति में राम हैं। राम हम सब के मन में हैं। हम सबकी आस्था में हैं।

## अयोध्या में राम मंदिर

वेदों एवं पुराणों के अनुसार उत्तर प्रदेश की अयोध्या नगरी का इतिहास प्राचीन है। श्रीराम के पूर्वजों के राज्य में अयोध्या राजधानी रही, श्रीराम का जन्म भी यहीं हुआ। श्रीराम ने भी अयोध्या को ही राजधानी बनाकर पूरे राज्य में शासन किया और इसका विस्तार किया। आज यहां श्रीराम के मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है, यह सभी रामभक्तों की आस्था का केंद्र है। पूरे देश में इस उद्घाटन समारोह को लेकर उत्साह है और इसे दीपावली की तरह मनाया जा रहा है। मैं सभी रामभक्तों को इस उद्घाटन पर्व की शुभकामनाएं देता हूं।

# रामायण का जटायु पक्षी गिद्ध, गरुड़ या कुछ और

### अर्जेंटाविस यानी जटायु शिकारी पक्षियों की एक विलुप्त समूह का सदस्य था



प्रचलन से रामायण काल के जटायु पक्षी को गिद्धराज माना जाता है, यानी गिद्धों के राजा। हालांकि कई विद्वानों के अनुसार जटायु गिद्ध नहीं गरुड़ प्रजाती से थे। विज्ञान की खोज के अनुसार जाटायु नामक पक्षी की एक प्रजाती होती थी। इन्हें आसमान में उड़ता हुआ छोटा डायनासोर मान सकते हैं। इसे टेराटोर्न कहते थे।

#### पौराणिक तथ्य

भगवान गरुड़ और उनके भाई अरुण दोनों ही प्रजापति कश्यप की पत्नी विनता के पुत्र थे। इन दोनों को देव पक्षी माना जाता था। गरूड़जी विष्णु की शरण में चले गए और अरुणजी सूर्य के सारथी हुए। सम्पाती और जटायु इन्हीं अरुण के पुत्र थे। चूंकि अरुण एक गरूड़ प्रजाती के पक्षी थे तो सम्पाती और जटायु को भी गरूड़ ही माना जाना चाहिए। रामायण अनुसार जटायु गृध्रराज थे और वे ऋषि ताक्षर्य कश्यप और विनीता के पुत्र थे। गृध्रराज एक गिद्ध जैसे आकार का पर्वत था। दोनों को कई जगहों पर गिद्धराज तो कुछ जगहों पर गरूड़ बंधु कहा गया है।


पुराणों के अनुसार सम्पाती बड़ा था और जटायु छोटा। ये दोनों विंध्याचल पर्वत की तलहटी में रहने वाले निशाकर ऋषि की सेवा करते थे और संपूर्ण दंडकारण्य क्षेत्र विचरण करते रहते थे। एक ऐसा समय था जबकि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में गिद्ध और गरूढ़ पक्षियों की संख्या अधिक थी लेकिन अब नहीं रही।

#### टेराटोर्न

नेशनल जियोग्राफिक की रिपोर्ट के अनुसार करीब 60 लाख साल पहले अर्जेंटीना के आसामान में टेराटोर्न नामक एक विशालकाय शिकारी पक्षी हुआ करता था। इसे ही जटायु माना गया है। कहते हैं कि इसका वजन 70 किलोग्राम था और इसके पंखों का फैलाव 7 मीटर था। यह Cessna 152 लाइट एयरक्राफ्ट के बराबर था।

रिपोर्ट के मुताबिक अर्जेंटाविस यानी जटायु शिकारी पक्षियों की एक विलुप्त समूह का सदस्य था जिसे टेराटोर्न यानी राक्षस पक्षी कहा जा सकता है। शोधानुसार इन पक्षियों का संबंध आज के गिद्धों और सारस के साथ ही तुर्की के गिद्धों और कंडोर्स से माना जाता है।

# भगवान राम का जन्म लाखों वर्ष पहले हुआ था या 5114 ईसा पूर्व?



युग की धारणा हमें पुराण और ज्योतिष में तीन तरह से मिलती है। पहली वह जिसमें एक युग लाखों वर्ष का होता है और दूसरी वह जिसमें एक युग 5 वर्ष का होता है और तीसरी वह जिसमें एक युग 1250 वर्ष का है। हम तीनों के मान से श्रीराम के जन्म को समझने के बाद आधुनिक युग में हुए शोध को समझते हैं।

#### पहली लाखों वर्ष के एक युग की धारणा-

पुराणों के अनुसार प्रभु श्रीराम का जन्म त्रेतायुग और द्वापर युग के संधिकाल में हुआ था। सतयुग लगभग 17 लाख 28 हजार वर्ष, त्रेतायुग 12 लाख 96 हजार वर्ष, द्वापर युग 8 लाख 64 हजार वर्ष और कलियुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का बताया गया है। कलियुग का प्रारंभ 3102 ईसा पूर्व से हुआ था। इसका मतलब 3102+2019= 5121 वर्ष कलियुग के बित चुके हैं।

उपरोक्त मान से अनुमानित रूप से भगवान श्रीराम का जन्म द्वापर के 864000 + कलियुग के 5121 वर्ष = 869121 वर्ष अर्थात 8 लाख 69 हजार 121 वर्ष हो गए हैं प्रभु श्रीराम को हुए। कहते हैं कि वे 11 हजार वर्षों तक जिंदा वर्तमान रहे। परंपरागत मान्यता अनुसार द्वापर युग के 8,64,000 वर्ष + राम की वर्तमानता के 11,000 वर्ष + द्वापर युग के अंत से अब तक बीते 5,121 वर्ष = कुल 8,80,111 वर्ष। अतएव परंपरागत रूप से राम का जन्म आज से लगभग 8,80,111 वर्ष पहले माना जाता है।

#### दूसरी 5 वर्ष का एक युग की धारणा-

भारतीय ज्योतिषियों ने समय की धारणा को सिद्ध धरती के सूर्य की परिक्रमा के आधार पर नहीं प्रतिपादित किया है। उन्होंने संपूर्ण तारामंडल में धरती के परिभ्रमण के पूर्ण कर लेने तक की गणना करके वर्ष के आगे के समय को भी प्रतिपादित किया है। वर्ष को 'संवत्सर' कहा गया है। 5 वर्ष का 1 युग होता है। संवत्सर, परिवत्सर, इद्वत्सर, अनुवत्सर और युगवत्सर ये युगात्मक 5 वर्ष कहे जाते हैं।

बृहस्पति की गति के अनुसार प्रभव आदि 60 वर्षों में 12 युग होते हैं तथा प्रत्येक युग में 5-5 वत्सर होते हैं। 12 युगों के नाम हैं- प्रजापति, धाता, वृष, व्यय, खर, दुर्मुख, प्लव, पराभव, रोधकृत, अनल, दुर्मति और क्षय। प्रत्येक युग के जो 5 वत्सर हैं, उनमें से प्रथम का नाम संवत्सर है। दूसरा परिवत्सर, तीसरा इद्वत्सर, चौथा अनुवत्सर और 5वां युगवत्सर है। इस मान से देखें तो कलिकाल के 5121 में ही कई युग बित गए हैं।

#### 1250 वर्ष का एक युग-

एक पौराणिक मान्यता के अनुसार प्रत्येक युग का समय 1250 वर्ष का माना गया है। इस मान से चारों युग की एक चक्र 5 हजार वर्षों में पूर्ण हो जाता है। यदि इस मान से देखें तो द्वापर और कलियुग के 2500 वर्ष बीत चुके हैं। मतलब यह कि 2500 वर्ष पूर्व श्रीराम हुए थे क्या। यदि यह मान लेते हैं कि यह चार युगों का तीसरा चक्र चल रहा है तो निश्चित ही फिर श्रीराम का जन्म 5000 ईसा वर्ष पूर्व हुआ होगा।

#### हम यह धारणा क्यों नहीं मानते?

क्योंकि पहली बात तो यह कि युग का मान स्पष्ट नहीं है। दूसरी बात यह कि यदि आप भगवान श्रीराम की वंशावली के मान से गणना करते हैं तो यह लाखों नहीं हजारों वर्ष की बैठती है। जैसे श्रीराम के बाद उनके पुत्र लव और कुश हुए फिर उनकी पीढ़ियों में आगे चलकर महाभारत काल में शल्य हुए। एक शोधानुसार कुश की 50वीं पीढ़ी में शल्य हुए, जो महाभारत युद्ध में कौरवों की ओर से लड़े थे। इसके अलावा शल्य के बाद बहत्क्षय, ऊरुक्षय, बत्सद्रोह, प्रतिव्योम, दिवाकर, सहदेव, ध्रुवाश्व, भानुरथ, प्रतीताश्व, सुप्रतीप, मरुदेव, सुनक्षत्र, किन्नराश्रव, अन्तरिक्ष, सुषेण, सुमित्र, बृहद्रज, धर्म, कृतज्जय, व्रात, रणज्जय, संजय, शाक्य, शुद्धोधन, सिद्धार्थ, राहुल, प्रसेनजित, क्षुद्रक, कुलक, सुरथ, सुमित्र हुए। वर्तमान में जो सिसोदिया, कुशवाह (कछवाह), मौर्य, शाक्य, बैछला (बैसला) और गैहलोत (गुहिल) आदि जो राजपूत वंश हैं वे सभी भगवान प्रभु श्रीराम के वंशज है। जयपूर राजघराने की महारानी पद्मिनी और उनके परिवार के लोग की राम के पुत्र कुश के वंशज है। महारानी पद्मिनी ने एक अंग्रेजी चैनल को दिए में कहा था कि उनके पति भवानी सिंह कुश के 309वें वंशज थे। अब यदि तीन पीढ़ियों का काल लगभग 100 वर्ष में पूर्ण होता है तो इस मान से श्रीराम को हुए कितने हजार वर्ष हुए हैं आप इस 309 पीढ़ी के मान से अनुमान लगा सकते हैं।

#### आधुनिक शोध की धारणा-

उपरोक्त धारणा से भिन्न आधुनिक शोध पर आधारित धारणा ज्यादा सही लगती है। इस शोध का आधार रामायण में बताई गई खगोलीय स्थिति और देशभर में बिखरे सबूत हैं। उन सबूतों का कार्बन डेटिंग के आधार पर जांच कर उसका मिलान रामायण में बताए गए घटनाक्रम से किया गया है।

इस शोधानुसार 5114 ईसा पूर्व 10 जनवरी को दिन के 12.05 पर भगवान राम का जन्म हुआ था जबकि सैंकड़ों वर्षों से चैत्र मास (मार्च) की नवमी को रामनवमी के रूप में मनाया जाता रहा है। एक अन्य शोख के अनुसार राम की जन्म दिनांक वाल्मीकि द्वारा बताए गए ग्रह-नक्षत्रों के आधार पर प्लैनेटेरियम सॉफ्टवेयर अनुसार 4 दिसंबर 7323 ईसा पूर्व अर्थात आज से 9339 वर्ष पूर्व हुआ था। राम के जन्म पर कई शोध हुए हैं लेकिन सबसे सटीक शोध प्रोफेसर तोबयस का रहा।

वाल्मीकि के अनुसार श्रीराम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी तिथि एवं पुनर्वसु नक्षत्र में जब पांच ग्रह अपने उच्च स्थान में थे तब हुआ था। इस प्रकार सूर्य मेष में 10 डिग्री, मंगल मकर में 28 डिग्री, ब्रहस्पति कर्क में 5 डिग्री पर, शुक्र मीन में 27 डिग्री पर एवं शनि तुला राशि में 20 डिग्री पर था। (बाल कांड 18/श्लोक 8, 9)।

शोधकर्ता डॉ. वर्तक पीवी वर्तक के अनुसार ऐसी स्थिति 7323 ईसा पूर्व दिसंबर में ही निर्मित हुई थी, लेकिन प्रोफेसर तोबयस के अनुसार जन्म के ग्रहों के विन्यास के आधार पर 10 जनवरी 5114 ईसा पूर्व हुआ था। उनके अनुसार ऐसी आका ?शीय स्थिति तब भी बनी थी। तब 12 बजकर 25 मिनट पर आकाश में ऐसा ही दृष्य था जो कि वाल्मीकि रामायण में वर्णित है।

ज्यातादर शोधकर्ता प्रोफेसर तोबयस के शोध से सहमत हैं। इसका मतलब यह कि राम का जन्म 10 जनवरी को 12 बजकर 25 मिनट पर 5114 ईसा पूर्व हुआ था।

# नोएडा में कहीं पर सुंदरकांड का पाठ तो कहीं निकाली शोभायात्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** पीएम मोदी के अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर का उदघाटन करेंगे। इसके साथ ही नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पूरा नोएडा राममय हो गया है।

नोएडा के सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसायटी में स्थित मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

नोएडा के सेक्टर 11 में रविवार की सुबह रामदूत शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सेक्टर 11 के सामुदायिक केंद्र से शुरू हुई, जो विभिन्न स्थानों पर होती हुई सेक्टर 11 के एल ब्लॉक स्थित हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, गौरव शर्मा, इंदु शर्मा, तरुण, अशोक रस्तोगी, प्रदीप, जयरथ, सुनील गुप्ता, रिचा गुप्ता, संजय गुप्ता, राजीव चावला, सुनीता अग्रवाल, रितु दुग्गल, हीरालाल गुप्ता, अनुज गुप्ता समेत सेक्टर तथा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सैकड़ों पदाधिकारी तथा सदस्य आदि शोभायात्रा में शामिल रहे।



# जब कई दिनों तक जेल में बंद थे नोएडा के रामभक्त

**नोएडा (चेतना मंच)।** राम जन्मभूमि आंदोलन 1990 में अपने पूर्ण यौवन में आ चुका था। देश का माहौल कुछ इस तरह से हो चुका था कि देश के हर व्यक्ति की जुबान पर सिर्फ एक ही बात होती थी की मंदिर अब जल्द से जल्द बन जाए।

उन दिनों कुछ इस प्रकार के नारों की आवाज सुनाई देती थी।

'जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं'

'बच्चा बच्चा राम का जन्म भूमि के काम का'

'जहां राम ने जन्म लिया हम मंदिर वहीं बनाएंगे'

'जिस हिंदू का खून न खोले खून नहीं वह पानी है'

उन दिनों नोएडा भाजपा एक मंडल हुआ करता था। जिसमें अध्यक्ष निवाब सिंह नगर थे और महासचिव राजेश जोशी थे।

राजीव जोशी ने बताया कि नोएडा में भी उन दिनों लोगों में काफी जोश था नोएडा से भी कर सेवा की तैयारी चल रही थी नोएडा के भाजपा की टीम उन दिनों कार सेवा के लिए तैयारी कर रही थी और हर घर से 1-1और 1-1 ईंट प्रति घर से एकत्रित की जा रही थी और लोगों का जोश चरम सीमा पर था चारों ओर हिंदुत्व की लहर दौड़ रही थी हर तरफ राम जन्मभूमि की टंकार सुनाई देती थी ऐसा लगता था कि जैसे किसी बड़े युद्ध की तैयारी हो रही हो।



1990 में लालकृष्ण आडवाणी के द्वारा सोमनाथ मंदिर से अयोध्या तक की रथ यात्रा निकलने का तय हुआ जिसमें यह यात्रा 16 राज्यों से होते हुए जाने थी इस यात्रा के दौरान पूरे देश में राममय माहौल हो गया। अयोध्या में रथ यात्रा का समापन होना था अब मंदिर की तैयारी आरंभ होनी थी। परंतु उसे समय की तत्कालीन सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में गिरफ्तरीया चालू हो गई।

नोएडा में भी गिरफ्तारियां चालू हो गई। नोएडा से पहले ग्रुप में अमर प्रकाश जोशी, संजीव पुरी जो उस समय भाजपा युवा मोर्चा में सह- सचिव थे और घनश्याम दास गर्ग को रात में ही घर से उठा लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया।

दूसरे ग्रुप में नवाब से नागर तत्कालीन भाजपा के अध्यक्ष थे। दीपक विग तत्कालीन महासचिव युवा मोर्चा भाजपा, राधे कृष्ण गर्ग, मदनलाल गुप्ता, भोपाल सिंह, राजेंद्र शुक्ला, अशोक गर्ग साथ में कुछ अन्य लोग भी थे।

जेल में इन सभी लोगों को एक राजनीतिक कैदियों की तरह रखा गया।

23 अक्टूबर 1990 को लाल कृष्ण आडवाणी जी को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया।

30 अक्टूबर को कोठारी बंधुओ के द्वारा विवादित ढांचे के ऊपर भगवा ध्वज फहराया गया।

2 नवंबर को तत्कालीन सरकार के आदेशानुसार कार सेवकों के ऊपर गोलियां चलवाई गई जिसमें कोठारी बंधुओ को भी शहीद कर दिया गया।

नोएडा से जो प्रथम ग्रुप में गए कार्यकर्ता वह 28 दिन जेल में रहे और जो दूसरे ग्रुप के कार्यकर्ता थे वह 16 दिन जेल में रहे। इसके साथ ही आप सभी को राम जन्मभूमि मंदिर बनने पर हार्दिक बधाई व अभिनंदन।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' से जुड़ रहे हैं देशवासी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' चाचली एवं थोरा गांव में पहुंची। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल ने कहा कि 2 महीने में प्रदेश के 21 000 ग्राम पंचायत और 9541 शहरी स्थान को अभी तक कर लिया गया है। इसका असर सबसे ज्यादा गांवों में देखने को मिला है। एक लाख से अधिक ग्राम पंचायत तो ने आयुष्मान कार्डों के लिए 100 प्रतिशत परिपूर्णता हासिल की है। जिससे लाखों लोग स्वास्थ्य देखभाल पहुंच के साथ सशक्त हुए हैं।

हर घर जल योजना के माध्यम से स्वछ पानी अब तक 79000 से अधिक ग्राम पंचायत तक पहुंच रहा है जबकि 138000 से अधिक ग्राम पंचायत में 100 प्रतिशत भूमि रिकॉर्ड डिजिटल करंट से पारदर्शिता और सुरक्षा की सुविधा मिली है इसके अलावा 17000 से अधिक ग्राम पंचायत ने ओडीएफ प्लस अनुपालन हासिल कर लिया है जो स्वछ जीवन का प्रमाण है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, मनोज प्रधान, बिरौडी ठाकुर धर्मेंद्र भाटी, संजय रावत, आलोक रंजन, संजय श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम के बुलदशहर दौरे को लेकर बैठक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक हुई। ऐतिहासिक अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गौतमबुद्धनगर लोकसभा व बुलन्धशहर के सिकंदराबाद विधानसभा के चौले स्टेशन के शूटिंग रेंज मैदान पर 25 जनवरी ऐतिहासिक रैली को लेकर चर्चा की गयी।

जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री बीजेन्द्र नागर रहे बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की बैठक का संचालन ज़िला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा ने किया ।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सभी कार्यकर्ता मंदिरों में भक्तों के साथ लाइव प्रसारण एवं मंदिर कीर्तन में भाग लेंगे। ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि पाँच सौ वर्ष का इंतज़ार ख़त्म हो गया है।

# प्रणीत भाटी को संयोजक बनाये जाने पर दी बधाई

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री प्रणीत भाटी को गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र का संयोजक बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

सर्वविदित हो कि प्रणीत भाटी भारतीय जनता पार्टी के इस जनपद के सबसे प्रथम जिला अध्यक्ष रहे हैं और उनकी गिनती पार्टी के कदावर नेताओं में होती है पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए आशा व्यक्त किया है कि वह लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे वहीं प्रणीत भाटी के लोकसभा गौतमबुद्ध नगर का संयोजक बनाए जाने पर



उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। एक बातचीत के दौरान प्रणीत भाटी ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है। उसे बखूबी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सब समाज के लोगों को साथ में लेकर चलने में विश्वास रखती है उन्होंने कहा कि आज पूरा देश राम मैं हो गया है और इस राम में से हमारा देश पूरे संसार का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता में आ चुका है।

# किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : अंबावता

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) संगठन की बैठक कल बाबा, फार्म, हाउस हबीबपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावता ने की संचालन जिला अध्यक्ष गौतमबुद्ध नागर, अनिल नागर ने किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावता ने कहा कि हर चीज बर्दाश्त है लेकिन किसानों का उत्पीड़न बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया।



इस मौके पर हंसराज सिंह, एडवोकेट मुर्शीदपुर अनीश गाजी, एडवोकेट राजेंद्र नागर, समसपुर जयवीर नागर, महमूदपुर गुर्जर, बलराज नागर जगनपुर, सुखबीर भाटी मुर्शदपुर, वीरेंद्र मुर्शीदपुर, बाबू भाई हबीबपुर, अनिल नागर दुजाना, प्रदीप एडवोकेट अच्छेजा, जितेंद्र बरौला, अजब सिंह अंबावता निठारी, पप्पू भाई नौरंग पुर, विनय तालान जेवर, नासिर प्रधान मेहंदीपुर, राजेंद्र भाटी मुर्शीदपुर, गजराज उर्फ गचछी नौरंगपुर, जितेंद्र चचुला राजकुमार रूपवास, रविंद्र भाई नोएडा, गीता नागर, राज सिंह प्रधान सांगीवपुर, कपिल खारी खैरपुर, गुर्जर मनोज भाटी, सरदार सिंह बंसल, एडवोकेट अनिल खारी, प्रमुख रूप रहें। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन बलराज के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भूपेंद्र नागर अपने समर्थकों सहित भारतीय किसान यूनियन अंबावता में शामिल हुए तथा 27 जनवरी को जेवर टोल पर होने वाली किसान महापंचायत की रणनीति बनाने की भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद गौतम बुद्ध नगरके सभी पदाधिकारीबैठक में शामिल हुए।

# सीटू ने श्रम कार्यालय पर किया प्रदर्शन




**नोएडा (चेतना मंच)।**

ग्रेटर नोएडा स्थित मानीताऊ कम्पनी पर 04 जनवरी 2024 को मजदूर नेता सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा पर किए गए जानलेवा हमले के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सीटू के कार्यकर्ताओं ने श्रम कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया।










## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर।

पत्रांक:-935/96 एम (iv)- बु0शहर वृत्त/2023-24 दिनांक : 15.01.2024

### ई-प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्य की मदवार दरों पर ऑनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 10 के अनुसार रोड़ निर्माण में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक **24.01.2024** से **30.01.2024** तक अपरान्ह **12:00** बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित एस0बी0डी0 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक **30.01.2024** को अपरान्ह **12:30** बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगी। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

| क्रम सं0/ लॉट सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में दादरी जारचा मार्ग से फूलपुर नई बस्ती बील अकबरपुर घोडी मार्ग (अ0जि0मा0) पर चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 945.00 | 18.90 | 12 माह | निविदा शुल्क 300+2000+18% जी0एस0टी0 रू0 414.0 = 2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0, मेरठ | A |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0-5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारो द्वारा पिछले 5 वर्षो का टर्न ओवर जोकि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षो से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
   ई-निविदा, जोकि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

(कंचन सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
गौतमबुद्धनगर

www.upgov.nic.in
Upid--201272 Dt. -20/01/2024

(एस0के0 गौतम)
अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहरवृत, लो0नि0वि0,
बुलन्दशहर

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## आनंद अमित की पुस्तक 'सुनकर मेरे गीत चले जाना' का हुआ विमोचन

**मिर्ज़ापुर।** साहित्य चेतना समाज मिर्ज़ापुर इकाई के चेतना प्रवाह कार्यक्रम के अंतर्गत पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। आनंद अमित की पुस्तक सुनकर मेरे गीत चले जाना का विमोचन मुख्य अतिथि नगर विधायक पं रत्नाकर मिश्र एवं मंचासीन अतिथियों ने विंध्यवासिनी महाविद्यालय मिर्ज़ापुर के सभागार में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ नीरज त्रिपाठी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ उषा कनक पाठक, अमृतेश कुमार (एजीएम- बी एस एन एल) तथा मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा एवं वरिष्ठ कवि व संचालक लल्लू तिवारी, राजपति ओझा और डॉ रमाशंकर शुक्ल मंचासीन रहे।



माँ सरस्वती के चरणों में दीपक प्रवलित करके मुख्य अतिथि ने समारोह का प्रारंभ किया। सरस्वती वंदना नंदिनी श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की। सुनकर मेरे गीत चले जाना के विमोचन करने के उपरांत मुख्य अतिथि पं रत्नाकर मिश्र ने कहा कि साहित्यकारों ने हमेशा अपनी लेखनी के द्वारा हमारे देश को नयी दिशा दी है। आनंद अमित की रचनाएँ हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि साहित्य ने हमेशा हमारे चिंतन को सँवारा है और अछे और गलत का फर्क बताया है इसलिए कवियों को विद्वानों की श्रेणी में रखा गया है। डॉ रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि साहित्य का अर्थ ही सबका हित है। उसका कोई क्षेत्र हो वह चिंतन के साथ नयी चेतना पैदा करता है। भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि रचनाकार का कोई पक्ष नहीं होता, वह सच बोलता है।

डॉ उषा कनक पाठक ने आनंद अमित की विमोचित पुस्तक की सराहना की। लल्लू तिवारी ने आनंद अमित के गीत संग्रह से उदाहरण देकर उनके लेखन की विस्तार से चर्चा की। अमृतेश कुमार और राजपति ओझा ने गीत संग्रह के लिए आनंद अमित को बधाई दी।

कार्यक्रम में अधिदर्शक चतुर्वेदी, रमाशंकर सिंह यादव, केदार नाथ सविता, धर्मदास, और अरविंद अवस्थी को उत्कृष्ट लेखन के लिए हिंदी श्री की ओर से कलम श्री सम्मान 2024 से नवाजा गया। सुमन ने आनंद अमित की रचना अपना वजूद खोकर लाती है रंग हिना... और सृष्टि राज ने हमारी अयोध्या है गुलजार सीते का मधुर स्वर में पाठ किया।

इस अवसर पर सुनील चौधरी, मेवालाल प्रजापति, रमेश प्रजापति, श्यामबाबू, मिलन कुमार प्रजापति, रामानंद द्विवेदी, दीना, रवी प्रजापति श्यामबाबू, डॉ सुधा सिंह, पूजा यादव, संतोषी निषाद, डोली अग्रहरि, आनंद केशरी, ओम शिव, अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे। अंत में आनंद अमित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा के पूर्व अध्यक्ष को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रहे स्वर्गीय प्रवीण भाटी की 32वीं पुण्यतिथि पर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



दादरी के रेलवे रोड पर स्थित स्व. प्रवीण भाटी की समाधि स्थल पर उनके अनुज भाई तथा गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक तथा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रणीत भाटी समेत परिजनों, शुभचिंतकों तथा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

बता दें कि स्वर्गीय प्रवीण भाटी ने 1991 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधन के अलावा उन्होंने विद्या मंदिर की स्थापना की थी। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के महासचिव के दायित्व निभाने के साथ अनेकों समाज उत्थान के लिये सामाजिक संगठनों के दायित्वों का निर्वाहन किया था।

## श्री शनि मंदिर में आज भव्य दीपोत्सव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-14ए स्थित श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर में चल रही श्री राम कथा का भव्य समापन हुआ। समापन के पश्चात आज मंदिर प्रांगण में सुबह हवन यज्ञ किया गया और शाम को 21000 दीपकों से मंदिर परिसर में दीपावली मनाई जाएगी। अयोध्या में श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव दिखाने के लिए मंदिर प्रांगण में एक बड़ी एलईडी लगाई गई है।

समिति के अध्यक्ष ठाकुर मानसिंह चौहान ने बताया कि रविवार को भव्य श्री राम कथा का समापन हुआ कथा मर्मज्ञ मनोज माधव शास्त्री ने लोगों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कथा के समापन अवसर पर महापर्व के मुख्य संरक्षक दिनेश जैन विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मदन चौहान, संयोजक उदय मिश्र सुदामा पाठक अरविंद सोलंकी दयाशंकर तिवारी मुकेश संकल्प तिवारी सुशील शर्मा एसपीएस यादव मुकेश शर्मा प्रमोद त्यागी बीके पांडे आईएस मेहरा प्रदीप शर्मा दुर्गेश पाठक अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद थे।

समिति के मंत्री सचिन राजीव मिश्रा ने बताया कि आज मंदिर प्रांगण में प्रातः काल हवन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अयोध्या में हो रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जा रहा है। शाम के समय मंदिर प्रांगण में आतिशबाजी के साथ दीपावली मनाई जाएगी। समिति और श्रद्धालुओं द्वारा करीब 21000 दीपों से मंदिर को जगमग किया जाएगा।



## केन्द्र की योजनाओं ने देशवासियों का जीवन बदला : गोपाल कृष्ण

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** विकसित भारत संकल्प यात्रा दनकौर क्षेत्र के लखीमपुर बांगर एवं मुंजी खेड़ा गांव में पहुंची मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी रहे।

इस मौके पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जो नारा था अंतोदय कतर में खड़ा अंतिम व्यक्ति आगे की पंक्ति में आकर कैसा खड़ा हो उसको साकार करने के लिए मोदी सरकार काम कर रही है।

उज्जवला गैस कनेक्शन योजना गांव में पहले माताएं बहने सुबह से लेकर शाम तक लकडियां बिनती थी। फिर चूल्हा जलाकर खाना बनाती थी आंखों में खराबी आ जाती थी फेफड़ों में दिक्कतें आने लगती थी। उससे निजात दिलाने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। इस मौके पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, सुशील शर्मा मंडल अध्यक्ष शारदा शर्मा, जोगिंदर खटाना, लक्ष्य गुप्ता, किरणपाल सिंह, नोडल लवकेश त्यागी शैलेंद्र सिंह राजवीर शर्माआदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

## गांजा तस्कर गिरोह हत्थे चढ़ा तीन महिलाओं सहित 6 गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में तीन महिलाओं सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लाखों रुपए मूल्य का 22 किलो गांजा बरामद हुआ है पुलिस ने गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को भी सीज किया है।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर चार मूर्ति गोल चक्कर चौराहे पर एक कार को जांच के लिए रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार सवारों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रुकवा लिया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने कार में बैठे मनोहर झा, सुमित कुमार, नेहा तथा सुमित त्यागी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनकी एक कार पुराने हैबतपुर के पास खड़ी हुई है उसमें भी गंज रखा हुआ है। पुलिस ने उक्त कार को भी कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसमें से भी गांजा बरामद हुआ।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों गाड़ियों से 20 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी पुलिस चेकिंग से बचने के लिए नेहा को कार में बैठकर चलते थे। कार में महिला बैठी होने के कारण पुलिस भी कार की तलाशी नहीं लेती थी।

उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर मोर फेस सोसायटी तिराहे के पास गांजा बेच रही ममता देवी पत्नी दयाल व अनीता पत्नी स्वर्गीय विजेंद्र को गिरफ्तार किया। इनके पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़ी गई महिलाओं ने बताया कि वह एक स्कूटी सवार से गांजा खरीदती है और उसके बाद उसकी पुड़िया बनाकर नशे के आदी लोगों को बेचती हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया गया है।

## आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पर मारपीट का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 में एक व्यक्ति के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

सेक्टर पी-4 निवासी गोविंद शरण शर्मा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह बीते 19 जनवरी को सेक्टर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्री राम दरबार स्थापित करवाने के लिए चौकी बनवा रहे थे। चौकी बनाने के लिए मजदूर कार्य कर रहे थे और देखने के लिए उनकी पत्नी प्रिया शर्मा मंदिर में मौजूद थी। इस दौरान हरेंद्र नागर मंदिर परिसर में आया और उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए काम को रुकवा दिया।

हरेंद्र नागर ने चौकी के लिए रखी ईंटों को मंदिर परिसर से बाहर फेंक दिया और कहा कि मंदिर परिसर में कोई कार्यक्रम नहीं होगा। इस बात का विरोध करने पर हरेंद्र नागर ने उसकी पत्नी प्रिया शर्मा तथा उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की। मारपीट होती देखकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

## भोलानाथ कुशवाहा के नवगीत संग्रह नाव कहीं है कहीं पाल है का प्रकाशन

**मिर्जापुर।** जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा का नवगीत संग्रह 'नाव कहीं है कहीं पाल है' प्रकाशित होकर आ गया है। इसे हिंदी पब्लिकेशन,संत रविदास नगर ने प्रकाशित किया है। यह इनकी नौवीं प्रकाशित पुस्तक है।




वरिष्ठ साहित्यकार व जाने-माने नवगीतकार यश मालवीय ने अपनी भूमिका में लिखा है- भाई भोलानाथ कुशवाहा समकालीन कविता के जरूरी कवि रहे हैं। उनकी नवगीत कविता पढ़ना एक अलग तरह का अनुभव है। आज की कविता का स्वर ही उनके गीतों में लयबद्ध हुआ है। कवि आनन्द अमित ने अपने वक्तव्य में लिखा है- अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक समस्याओं, कुरीतियों,भ्रष्टाचार और वैमनस्यता आदि के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाना भोलानाथ जी की रचनाओं की प्रमुख विशेषता है। कुशवाहा जी की इस पुस्तक में प्रत्येक नवगीत सकारात्मक संदेश देने में सक्षम हैं।

श्री कुशवाहा को पूर्व में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ का मोहन राकेश सर्जना सम्मान के साथ अनेक सम्मान, पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र मिलते रहे हैं। इन्होंने कविता गीत, नवगीत, मुक्तक, गजल, दोहा के साथ लघु कथायें भी लिखी हैं। इन्होंने साहित्यिक कृतियों की भूमकायें लिखी हैं और समीक्षाएं भी की हैं। इनकी रचनाएँ हिंदी की पत्र- पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से भी इनकी कविताओं का प्रसारण हो चुका है।

श्री कुशवाहा के नवगीत संग्रह नाव कहीं है कहीं पाल है के प्रकाशन पर अनेक लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में हैं- सर्वश्री डॉ अनुज प्रताप सिंह, वृजदेव पांडेय, डॉ रेनूरानी सिंह,डॉ वंदना मिश्रा, प्रमोद कुमार सुमन, गणेश गम्भीर, रमाशंकर शुक्ल, अरविंद अवस्थी जफर मिर्जापुरी,लल्लू तिवारी, शुभम श्रीवास्तव ओम,डॉ अनुराधा ओस, केदार नाथ सविता, लाल व्रत सिंह सुगम, आनन्द अमित, हसन जौनपुरी, मुहिम मिर्जापुरी आदि।

## व्यापारियों ने दीप जलाकर मनाई खुशी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व संध्या पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व संध्या पर आज का दिन छोटी दिवाली के रूप में 1100 दीपों के साथ मनाया गया।

भगवान राम की आरती के साथ भगवान राम के जयघोष व्यापारियों द्वारा किए गए। हम इस जीवन में धन्य हो गए शायद हमने कोई अच्छे कर्म करें होंगे जिससे आज हम इस दिन को देख रहे हैं। प्रदेश महामंत्री निखिल अग्रवाल ने बताया कि आतिशबाज़ी के आज भगवान राम को याद किया गया।

जिला सचिव सिवा चौहान ने कहा कि आज जीते जी स्वर्ग देख लिया। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि प्रतिवर्ष 22 जनवरी को हम भगवान राम को याद करते हुए दीपोत्सव का कार्यक्रम करेंगे।

पैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोतीराम ने मिठाई बांटकर इस ख़ुशी को दोगुना कर दिया। आज उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की सम्पूर्ण टीम ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सबसे ख़ास बात यह रही कि दीपमाला कार्यक्रम में मुस्लिम भाइयों ने भी हिस्सा लिया।

आज के कार्यक्रम में आकाश तोमर हनीफ़ सेफी प्रवीन गर्ग सौरभ सिंगल नवनीत गुप्ता मनीष शर्मा शाहरुख़ मोहम्मद अन्य व्यापारियों ने हिस्सा लिया। उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि हम सभी को मिलकर कल दीपावली मनानी है। अपने अपने घरों को सजाना है।

## लखनावली में हुआ हवन एवं भंडारे का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज लखनावली गांव में हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने हवन कर देश की सुख शांति की ईश्वर से प्रार्थना की। हवन में सहभागिता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित लोकमन प्रधान ने कहा कि आज सभी सनातनियों का 500 वर्ष का सपना पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह काम किया है जो आज तक किसी अन्य सरकारों ने नहीं कर पाया।

लोकमन प्रधान ने कहा कि आज अयोध्या के भव्य मंदिर में प्रभु श्री राम जी विराजमान हो गए हैं।



उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आराध्य हैं और उनके बिना हम अधूरे हैं।

इस अवसर पर देव नागर, पंकज शर्मा, नितिन शर्मा, मलखान सिंह, गौरव शर्मा, मोहित शर्मा, रितिक सिंह, दरोगा जी, वेदपाल जी आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर ठगा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** साइबर ठग ने वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर एक युवती से 67700 रूपये ठग लिए। पीड़िता ने थाना सेक्टर 49 में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-50 बी ब्लॉक में रहने वाली दीपिका गुप्ता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते दिनों उसकी टेलीग्राम आईडी पर एक व्यक्ति ने मैसेज कर वर्क फ्रॉम होम का ऑफर दिया। उक्त व्यक्ति की बातों में आकर उसने वर्क फ्रॉम होम के लिए हां कर दी। उसे बताया गया कि यूट्यूब पर वीडियो लाइक करने और सब्सक्राइब करके स्क्रीनशॉट भेजने पर प्रति स्क्रीनशॉट 50 रूपये का भुगतान किया जाएगा। इसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया गया। शुरुआत में उसे वीडियो सब्सक्राइब कराए गए और उसके बाद टास्क के नाम पर उससे तीन बार में 67700 रूपये जमा करा लिए। पैसे जमा करने के बाद आरोपियों ने उसे ग्रुप से निकाल दिया। उसने जब उस नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया तो वह स्विच ऑफ मिला।

ठगे जाने का एहसास होने पर उसने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना सेक्टर-49 में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर गामा-1 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय पीड़ित का परिवार अपने पैतृक गांव गया हुआ था। सेक्टर गामा-1 के ब्लॉक में रहने वाले जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि किसी कार्य से उसके परिजन अपने पत्र गांव गए हुए थे। बीते 10 जनवरी की रात्रि को वह कार्य अधिक होने के कारण ऑफिस में ही रुक गया था। 11 जनवरी को जब वह घर पहुंचा तो उसे ताला टूटा हुआ मिला। घर से अलमारी में रखे लाखों रुपए के जेवरात, समान गायब था। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कोचिंग के लिए गई युवती लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कोचिंग के लिए घर से निकली एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी के परिजन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

सीताराम कॉलोनी निवासी मोहिनी (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी (17 वर्षीय) बेटी 19 जनवरी को कोचिंग के लिए घर से निकली थी। वह कोचिंग न जाकर भंगेल की गोयल कॉलोनी में अपनी बुआ के घर चली आई। बुआ को जब पता चला कि वह बिना बताए घर से आई है तो उन्होंने उसे समझा-बुझाकर घर जाने के लिए कहा। 20 जनवरी को किशोरी अपनी बुआ के घर से भी बिना बताए चली गई। मोहनी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**रामलला की अभिजीत...**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चांदी का छत्र लेकर राम मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। मंगल ध्वनि के बीच राम लला का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान किया गया। पीएम मोदी के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद हैं। पीएम मोदी ने राम मंदिर के गर्भगृह में पूजा की।

राम मंदिर में पूजा से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का अलौकिक क्षण हर किसी को भाव-विभोर करने वाला है। इस दिव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनना मेरा परम सौभाग्य है। जय सियाराम!

**ससुरालियों ने दहेज के...**

विदा होकर ससुराल पहुंची तो जाते ही उसका उत्पीड़न शुरू हो गया। सास और ननद ने उसके माता-पिता द्वारा दिए गए गहनों को उतरवाकर अपने पास रख लिया। उसे कमरे में तीन दिन तक बंधक बनाकर रखा गया और मारपीट की गई। उसके पति देवेंद्र ने कहा कि उसके साथ उसकी शादी जबरदस्ती की गई है। शादी के चौथे दिन ही दहेज की मांग को लेकर उसके पति देवेंद्र ने जान से मारने की नीयत से उसका गला घोट दिया और सास, ससुर, ननद, देवर ने उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोग घर पर आ गए और उन्होंने किसी तरह उसे बचाया। इसके बाद ससुरालवालों ने उसे मायके वापस भेज दिया। पीड़िता ने अपने पति देवेंद्र, सास कमलेश देवी, ससुर गणपत, देवर विवेक, ननद अंजना व रजनी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

शिव नगरी रेलवे रोड दादरी निवासी सोनिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 19 मार्च 2022 को नितिन सिंगल के साथ हुई थी। शादी के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। फेरों से पहले वर पक्ष ने बुलेट मोटरसाइकिल दिए जाने की मांग रख दी। मौके पर मौजूद रिश्तेदारों के समझाने पर बड़ी मुश्किल से शादी संपन्न हुई ससुराल आते ही नितिन सिंगला व परिजनों ने बुलेट मोटरसाइकिल न दिए जाने पर ताने मारने शुरू कर दिए। शादी के तीसरे दिन ही नितिन ने शराब के नशे में गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की। दहेज की मांग को लेकर उसकी सास और ननद ने उसके साथ मारपीट कर गले में दुपट्टा डालकर गला घोटने का प्रयास किया। ससुराल वालों के अत्याचारों से दुखी होकर वह अपने मायके आ गई पीड़िता ने अपने पति नितिन सिंगल सहित अन्य सोशल वालों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है

**गूगल से कस्टमर..**

उक्त व्यक्ति ने उसे कुछ ऑप्शन फॉलो करने को कहा। ऑप्शन फॉलो करने के कुछ देर बाद ही उसका खाते से दो बार में 50000 रूपये निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उसे पैसे निकालने की जानकारी हुई जिसके बाद उसने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया लेकिन वह स्विच ऑफ मिला। ठगे जाने का एहसास होने पर चितरंजन ने थाना एक्सप्रेसवे में अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**कार में लगी...**

संभावना जताई जा रही है कि कार तेज गति में थी और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार के डिवाइडर से टकराने के बाद अचानक से कार में आग लग गई। कार में आग इतनी तेजी से लगी कि उसमें सवार व्यक्ति को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका और वह कार में ही फंसा रह गया। जिससे उसकी जलकर मौत हो गई।

थाना फेस 3 पुलिस ने बताया कि सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन के नीचे यू टर्न पर जा रही एक कार में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद तुरंत ही थाना फेस-3 पुलिस, एफएसएसओ मय फायर सर्विस यूनिट घटना स्थल पर पहुंचे। आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है। कार में सवार एक अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई। फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर निरीक्षण करते हुए पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई की गई। शव के शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।


अवध तहाँ जहँ राम निवासू।
तहँइं दिवस जहँ भानु प्रकासू॥
राष्ट्र उत्सव को तैयार
दिव्य-भव्य व नव्य
अयोध्या धाम
अयोध्या
में
रामलला
की
प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर
पर समस्त
राष्ट्रवासियों का
कोटि-कोटि
अभिनंदन
निकेता भाटी
नंदिनी भाटी
एपेक्स इंटरप्राइजेज
डी-35, ओमेक्स इंडिया ट्रेड सेंटर, अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा